**Title:** Demand to provide computer reservation facilities, proper maintenance and repair of buildings of Arrah Railway Station and early completion of Arrah-Sasaram railway line.

**श्री राम प्रसाद सिंह (आरा) :** अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी का ध्यान बिहार के आरा रेलवे स्टेशन की ओर दिलाना चाहता हूं। यह रेलवे स्टेशन बहुत पुराना है लेकिन दुर्भाग्य है कि यहां के रेलवे स्टेशन की बरामदो की कोई मरम्मत नहीं की गई है। जो वहां का मुसाफिरखाना है वह भी चू रहा है, सभी बिल्डिंग चू रही है। यात्रियों को बैठने की जगह नही है । बहुत से इससे छोटे स्टेशनो जैसे बक्सर,सासाराम पर कंप्यूटरीकृत आरक्षण की व्यवस्था की गई है, लेकिन यहां नहीं की गई। यहां पूर्व माननीय रेल मंत्री पासवान जी बैठे हैं और रेल राज्य मंत्री दिग्विजय सिंह जी भी बैठे हैं। सासाराम में फाउंडेशन स्टोन रखा गया आरा-सासाराम रेलवे लाइन बनाने के लिए, लेकिन अमाउंट राशि अब बहुत कम दिया गया। वर्षों से यह परियोजना लंबित है। वहां के लोग बार-बार इसकी मांग करते हैं। मैं आपके माध्यम से भारत सरकार के रेल राज्य मंत्री जी से मांग करता हूं कि आप आरा रेलवे स्टेशन को विशेष स्टेशन का दर्जा दिया जाए, वहां कंप्यूटरीकृत आरक्षण की व्यवस्था की जाए, भवन निर्माण कराया जाए और आरा-सासाराम रेलवे लाइन जिसका फाउंडेशन माननीय मंत्री ने खुद किया है, उसको शीघ्र बनवाने के लिए भारी राशि आबंटित की जाए।